Newspaper: Nav Bharat Times

Edition: Delhi | Date: 24th October, 2018 | Pg. 08

स्कूलों में एंटी क्रैकर्स कैंपेन

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

पटाखों से होने वाले प्रदूषण के खतरों के बारे में बच्चों को जागरूक करने में स्कूलों का इको क्लब अहम भूमिका निभा रहा है। शिक्षा विभाग ने हाल ही में एक सर्कुलर जारी कर सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और प्राइवेट स्कूलों को एंटी क्रैकर कैंपेन चलाने के निर्देश दिए थे। स्कूलों में रेगुलर बेसिस पर यह कैंपेन चलाया जा रहा है।

शिक्षा विभाग ने भी जारी किए थे निर्देश

बाल भारती पब्लिक स्कूल (जीआरएच मार्ग) के प्रिंसिपल एलवी सहगल ने बताया कि स्कूल में इको क्लब पर्यावरण को बचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करता है। दिवाली से पहले स्कूल में एंटी क्रैकर कैंपेन चलाया जा रहा है। पिछले कई साल से यह कैंपेन चल रहा है और इसके काफी अच्छे नतीजे आ रहे हैं। बच्चों में जागरूकता बढ़ी है और वे अब पटाखे चलाना पसंद नहीं करते। वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल रोहिणी के चेयरमैन एसके गुप्ता का कहना है कि शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद स्कूल में रोजाना कुछ समय एंटी क्रैकर कैंपेन को दिया जा रहा है। बच्चों को शपथ दिलवाई गई है कि वे पटाखे नहीं जलाएंगे और पटाखों से नुकसान के बारे में पड़ोसियों को भी बताएंगे। मॉर्निंग असेंबली में पटाखों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाता है।